भारत सरकार
वित्त मंत्रालय
राजस्व विभाग

**लोक सभा**
**तारांकित प्रश्न सं.*319**
(जिसका उत्तर सोमवार, दिनांक 15 जुलाई, 2019/24 आषाढ़, 1941 (शक) को दिया जाना है)

## माल और सेवा कर के अंतर्गत राजस्व अर्जन

*319. श्री कुलदीप राय शर्माः
क्या वित्त मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) माल और सेवा कर (जीएसटी) के कार्यान्वयन के पश्चात् से इसके अंतर्गत राजस्व अर्जन का माह-वार ब्यौरा क्या है;
(ख) जीएसटी के शुरू होने के एक वर्ष पूर्व के राजस्व अर्जन का माह-वार ब्यौरा क्या है;
(ग) जीएसटी के कार्यान्वयन के पश्चात् से अंडमान और निकोबर द्वीपसमूह सहित विभिन्न राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को दिए जाने वाले और पहले ही दिए जा चुके जीएसटी का माह और राज्य/संघ राज्यक्षेत्र-वार ब्यौरा क्या है;
(घ) क्या पिछले कुछ वर्षों के दौरान जीएसटी क्षतिपूर्ति में वृद्धि हुई है और यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ङ) क्या जीएसटी के कारण राज्यों/संघ राज्यक्षेत्रों को राजस्व की हानि हो रही है; और
(च) यदि हां, तो सरकार जीएसटी राजस्व में वृद्धि करने के लिए इस संबंध में आगे क्या योजना बना रही है?

**उत्तर**
**वित्त मंत्री (श्रीमती निर्मला सीतारामन)**

(क) से (च): एक विवरण-पत्र सभा पटल पर रख दिया गया है।

**लोक सभा में दिनांक 15 जुलाई, 2019 को पूछे गए तारांकित प्रश्न सं. *319 के पैरा (क) से (च) तक के उत्तर में उल्लिखित विवरण।**

(क): वित्त वर्ष 2017-18 ,वित्त वर्ष 2018-19 और वित्त वर्ष 2019-20 के लिए माह-वार सकल माल और सेवा कर (जीएसटी) संग्रहण निम्नानुसार हैं:

(आंकड़े करोड़ रुपये में)

| माह | 2017-18 | 2018-19 | 2019-20 |
|---|---|---|---|
| अप्रैल | - | 1,03,459 | 113865 |
| मई | - | 94,016 | 100289 |
| जून | - | 95,610 | 99939 |
| जुलाई | 21572 | 96,483 | |
| अगस्त | 95,633 | 93,960 | |
| सितंबर | 94,064 | 94,442 | |
| अक्टूबर | 93,333 | 100,710 | |
| नवंबर | 83,780 | 97,637 | |
| दिसंबर | 84,314 | 94,726 | |
| जनवरी | 89,825 | 1,02,503 | |
| फरवरी | 85,962 | 97,247 | |
| मार्च | 92,167 | 1,06,577 | |
| **कुल** | **740650** | **1177369** | **314093** |
| **औसत** | **89,885** | **98,114** | **104698** |

उपरोक्त तालिका से स्पष्ट है कि वित्त वर्ष 2018-19 में औसत सकल जीएसटी संग्रह 98,114 करोड़ रुपए रहा जो कि पिछले वर्ष के औसत सकल जीएसटी संग्रहण 89,885 करोड़ रुपये से अधिक है।

(ख): जीएसटी के शुरु होने के एक वर्ष पूर्व के दौरान केन्द्रीय अप्रत्यक्ष कर (सीमा शुल्क+केन्द्रीय उत्पाद शुल्क+सेवा कर) राजस्व अर्जन (माह-वार), जीएसटी में सम्मिलित नहीं राजस्व सहित निम्नलिखित हैं:-

**(करोड़ रुपये में)**

| **माह** | केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर (सीमा शुल्क+केन्द्रीय उत्पाद शुल्क+सेवा कर) राजस्व |
|---|---|
| जुलाई, 2016 | 66,878 |
| अगस्त, 2016 | 65,254 |
| सितम्बर, 2016 | 71,623 |
| अक्तूबर, 2016 | 77,644 |
| नवंबर, 2016 | 69,534 |
| दिसंबर, 2016 | 74,548 |
| जनवरी, 2017 | 73,678 |
| फरवरी, 2017 | 67,216 |
| मार्च, 2017 | 91,152 |
| अप्रैल, 2017 | 74,132 |
| मई, 2017 | 73,100 |
| जून, 2017 | 73,896 |

(ग): राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के लिए एसजीएसटी और आईजीएसटी समाधान (नियमित और अनंतिम) सहित कुल उपार्जित जीएसटी का माह-वार और राज्य-वार विवरण **अनुबंध** में दिया गया है।

(घ): दिनांक 01.07.2017 से जीएसटी के क्रियान्वयन के पश्चात दिल्ली और पुद्दुचेरी संघ राज्य क्षेत्र सहित राज्यों को जारी क्षतिपूर्ति का विवरण निम्नानुसार है:-

| **अवधि जिसके लिए क्षतिपूर्ति जारी की गई है** | **राशि (करोड़ रुपये में)** |
|---|---|
| 2017-18 (जुलाई, 17 से मार्च, 18) | 48178 |
| 2018-19 (अप्रैल, 18 से मार्च, 19) | 81177 |
| **कुल** | **129355** |

(ङ) और (च): वित्त वर्ष 2017-18 (केवल अगस्त, 2017 से मार्च, 2018 तक) में 291100 करोड़ रुपये जीएसटी संग्रहण की तुलना में वर्ष 2018-19 के लिए राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का कुल जीएसटी संग्रहण 518447 करोड़ रुपये है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों का जीएसटी संग्रहण इस अवधि के दौरान नियमित सुधार दर्शा रहा है। इसके अतिरिक्त, उन्हें केंन्द्र सरकार द्वारा क्षतिपूर्ति के भुगतान के माध्यम से पांच वर्ष की अवधि के लिए 14 प्रतिशत की वृद्धि का आश्वासन भी दिया गया है।

कर अनुपालन में सुधार करने के लिए ठोस प्रयास किए गए हैं। कारोबारी प्रक्रियाओं का व्यापक स्वचालन, ई-वे बिल तंत्र का उपयोग, अनुपालन सत्यापन पर लक्षित कार्रवाई, जोखिम मूल्यांकन पर आधारित प्रवर्तन और इलैक्ट्रॉनिक बीजक प्रणाली की प्रस्तावित शुरूआत कुछ ऐसे कदम हैं जो राजस्व संग्रहण में वृद्धि के लिए उठाए गए हैं।

*******

**अनुबंध**

**राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों को जीएसटी का भुगतान (नियमित और अनंतिम आईजीएसटी समाधान सहित एसजीएसटी)**

**(आंकड़े करोड़ रुपये में)**

| राज्य कोड | राज्य/संघ राज्य क्षेत्र | अग'17 | सित 17 | अक्तू'17 | नवं '17 | दिस'17 | जन'18 | फर. '18 | मार्च'18 | कुल | अप्रै'18 | मई'18 | जून'18 | जु.'18 | अग'18 | सित'18 | अक्तू18 | नव'18 | दिस'18 | जन'19 | फर'19 | मार्च'19 | कुल | अप्रै'19 | मई'19 | जून'19 |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | जम्मू एवं कश्मीर | 187 | 279 | 309 | 330 | 330 | 369 | 514 | 293 | 2611 | 389 | 316 | 635 | 353 | 427 | 351 | 538 | 392 | 476 | 387 | 307 | 569 | 5139 | 523 | 392 | 421 |
| 2 | हिमाचल प्रदेश | 197 | 204 | 209 | 226 | 201 | 231 | 355 | 210 | 1833 | 236 | 203 | 476 | 239 | 280 | 222 | 356 | 266 | 337 | 250 | 231 | 339 | 3435 | 339 | 258 | 290 |
| 3 | पंजाब | 855 | 941 | 956 | 932 | 857 | 951 | 1518 | 890 | 7900 | 1016 | 780 | 1819 | 957 | 1101 | 940 | 1474 | 915 | 1296 | 1015 | 966 | 1295 | 13574 | 1305 | 995 | 950 |
| 4 | चंडीगढ़ | 94 | 100 | 107 | 103 | 98 | 105 | 97 | 95 | 800 | 114 | 89 | 194 | 110 | 134 | 105 | 156 | 114 | 149 | 121 | 110 | 148 | 1543 | 136 | 117 | 108 |
| 5 | उत्तराखण्ड | 244 | 286 | 269 | 335 | 302 | 349 | 515 | 312 | 2611 | 346 | 298 | 637 | 326 | 371 | 310 | 533 | 406 | 505 | 344 | 286 | 516 | 4880 | 515 | 430 | 425 |
| 6 | हरियाणा | 985 | 1262 | 1377 | 1216 | 1349 | 1318 | 2012 | 1327 | 10845 | 1476 | 1328 | 2353 | 1405 | 1546 | 1250 | 1907 | 1383 | 1725 | 1463 | 1427 | 1780 | 19043 | 1728 | 1493 | 1032 |
| 7 | दिल्ली | 1499 | 1662 | 1821 | 1702 | 1556 | 1716 | 2175 | 1493 | 13624 | 2075 | 1165 | 2259 | 1404 | 1497 | 1259 | 2019 | 1437 | 1584 | 1367 | 1552 | 1830 | 19447 | 2059 | 1231 | 1468 |
| 8 | राजस्थान | 1210 | 1348 | 1450 | 1449 | 1505 | 1538 | 2188 | 1503 | 12189 | 1628 | 1448 | 2750 | 1708 | 1813 | 1513 | 2478 | 1844 | 2104 | 1836 | 1851 | 2368 | 23341 | 2063 | 1766 | 1769 |
| 9 | उत्तर प्रदेश | 3123 | 2634 | 2991 | 3048 | 2956 | 3141 | 4399 | 3162 | 25454 | 3806 | 3131 | 5566 | 3503 | 3558 | 3013 | 4544 | 3498 | 4369 | 3696 | 3516 | 4434 | 46632 | 4735 | 3793 | 3907 |
| 10 | बिहार | 654 | 607 | 799 | 814 | 830 | 818 | 1372 | 852 | 6746 | 1023 | 953 | 1874 | 1130 | 1251 | 1040 | 1642 | 1104 | 1384 | 1193 | 1136 | 1562 | 15291 | 1554 | 1181 | 1362 |
| 11 | सिक्किम | 30 | 14 | 19 | 24 | 21 | 22 | 30 | 32 | 193 | 28 | 26 | 45 | 43 | 35 | 23 | 41 | 34 | 31 | 29 | 30 | 42 | 408 | 55 | 47 | 34 |
| 12 | अरुणाचल प्रदेश | 16 | 15 | 20 | 23 | 28 | 43 | 41 | 39 | 224 | 47 | 41 | 63 | 39 | 46 | 42 | 55 | 41 | 43 | 48 | 51 | 84 | 600 | 75 | 50 | 67 |
| 13 | नागालैण्ड | 14 | 16 | 18 | 22 | 24 | 32 | 39 | 24 | 188 | 32 | 31 | 48 | 32 | 44 | 31 | 44 | 33 | 43 | 30 | 37 | 66 | 470 | 57 | 47 | 44 |
| 14 | मणिपुर | 20 | 25 | 32 | 31 | 37 | 37 | 64 | 56 | 302 | 55 | 41 | 69 | 64 | 47 | 48 | 61 | 49 | 66 | 54 | 56 | 83 | 694 | 70 | 56 | 65 |
| 15 | मिजोरम | 11 | 14 | 15 | 19 | 24 | 21 | 39 | 27 | 170 | 33 | 31 | 42 | 34 | 40 | 30 | 38 | 35 | 36 | 42 | 35 | 60 | 455 | 49 | 47 | 40 |
| 16 | त्रिपुरा | 35 | 43 | 67 | 54 | 61 | 61 | 100 | 61 | 480 | 70 | 70 | 112 | 74 | 76 | 65 | 98 | 69 | 92 | 75 | 69 | 108 | 978 | 105 | 79 | 93 |
| 17 | मेघालय | 33 | 36 | 42 | 42 | 41 | 56 | 79 | 48 | 376 | 62 | 48 | 96 | 61 | 71 | 54 | 88 | 59 | 78 | 56 | 57 | 78 | 806 | 103 | 71 | 78 |
| 18 | असम | 392 | 417 | 474 | 483 | 483 | 532 | 777 | 519 | 4077 | 576 | 654 | 983 | 606 | 662 | 552 | 823 | 632 | 746 | 624 | 646 | 899 | 8401 | 860 | 688 | 730 |
| 19 | पश्चिम बंगाल | 1449 | 1750 | 1777 | 1738 | 1692 | 1818 | 2710 | 2240 | 15174 | 2017 | 1899 | 3264 | 2092 | 2211 | 1881 | 2777 | 1901 | 2384 | 2117 | 2139 | 2688 | 27370 | 2589 | 2060 | 2106 |
| 20 | झारखण्ड | 461 | 365 | 473 | 490 | 495 | 490 | 791 | 559 | 4124 | 591 | 500 | 947 | 614 | 626 | 551 | 861 | 637 | 769 | 634 | 645 | 827 | 8201 | 886 | 604 | 594 |
| 21 | ओडिशा | 654 | 702 | 861 | 727 | 724 | 841 | 1282 | 836 | 6628 | 1010 | 717 | 1518 | 937 | 999 | 814 | 1294 | 851 | 1028 | 884 | 933 | 1398 | 12384 | 1426 | 842 | 1081 |
| 22 | छत्तीसगढ़ | 407 | 462 | 452 | 492 | 489 | 562 | 880 | 641 | 4386 | 575 | 501 | 991 | 627 | 670 | 512 | 915 | 604 | 754 | 520 | 699 | 850 | 8218 | 767 | 562 | 644 |
| 23 | मध्य प्रदेश | 940 | 949 | 1234 | 1215 | 1267 | 1201 | 1856 | 1155 | 9818 | 1492 | 1131 | 2305 | 1463 | 1530 | 1272 | 1949 | 1501 | 1799 | 1508 | 1488 | 2020 | 19457 | 1892 | 1445 | 1591 |
| 24 | गुजरात | 2142 | 2437 | 2606 | 2350 | 2532 | 2823 | 3984 | 2703 | 21577 | 2686 | 2651 | 4495 | 2736 | 2837 | 2695 | 3604 | 2711 | 3176 | 2653 | 2884 | 3591 | 36721 | 3417 | 2729 | 2693 |
| 25 | दमन एवं दीव | 14 | 15 | 12 | 17 | 13 | 21 | 15 | 11 | 116 | 15 | 7 | 56 | 10 | 30 | 15 | 38 | 12 | 28 | 11 | 14 | 35 | 270 | 24 | 11 | 11 |
| 26 | दादरा एवं नगर हवेली | 29 | 29 | 25 | 34 | 28 | 34 | 30 | 27 | 235 | 29 | 21 | 81 | 24 | 41 | 17 | 70 | 25 | 42 | 21 | 24 | 46 | 440 | 47 | 22 | 14 |
| 27 | महाराष्ट्र | 5857 | 5825 | 6379 | 6025 | 6099 | 6427 | 8422 | 5840 | 50875 | 6999 | 5727 | 10073 | 6200 | 6821 | 5805 | 8651 | 6385 | 7576 | 6554 | 6827 | 8221 | 85839 | 8500 | 6071 | 5706 |
| 29 | कर्नाटक | 2689 | 2885 | 2926 | 2900 | 2708 | 2986 | 4381 | 2830 | 24305 | 3400 | 2679 | 5200 | 3106 | 3459 | 2922 | 4403 | 3135 | 3803 | 3305 | 3271 | 4210 | 42892 | 4201 | 3121 | 3143 |
| 30 | गोवा | 142 | 157 | 158 | 171 | 179 | 191 | 277 | 188 | 1464 | 172 | 162 | 316 | 164 | 189 | 161 | 270 | 174 | 226 | 219 | 234 | 269 | 2557 | 236 | 184 | 173 |
| 31 | लक्षद्वीप | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 1 | 7 | 2 | 1 | 4 | 2 | 1 | 1 | 2 | 1 | 2 | 1 | 3 | 2 | 22 | 3 | 2 | 1 |
| 32 | केर | 1251 | 1566 | 1560 | 1413 | 1404 | 1525 | 2166 | 1407 | 12292 | 1504 | 1445 | 2616 | 1506 | 1528 | 1181 | 2487 | 1691 | 1918 | 1684 | 1564 | 1996 | 21119 | 1967 | 1558 | 1728 |
| 33 | तमिलनाडु | 2935 | 3076 | 3085 | 2877 | 3046 | 3019 | 3938 | 2930 | 24907 | 3182 | 2853 | 4722 | 3072 | 3593 | 3014 | 4160 | 3117 | 3650 | 3226 | 3082 | 4095 | 41767 | 3978 | 3226 | 3072 |
| 34 | पुद्दुचेरी | 57 | 57 | 48 | 67 | 58 | 62 | 110 | 61 | 519 | 64 | 53 | 135 | 60 | 81 | 65 | 90 | 69 | 86 | 64 | 59 | 93 | 919 | 74 | 58 | 60 |
| 35 | अंडमान एवं निकोबार द्वीप | 6 | 19 | 18 | 20 | 20 | 21 | 21 | 33 | 157 | 43 | 21 | 35 | 20 | 24 | 23 | 26 | 30 | 27 | 35 | 32 | 39 | 356 | 42 | 36 | 25 |
| 36 | तेलंगाना | 1259 | 1473 | 1632 | 1549 | 1509 | 1657 | 2290 | 1703 | 13073 | 1807 | 1633 | 2624 | 1738 | 1893 | 1722 | 2354 | 1932 | 2098 | 1787 | 1975 | 2469 | 24032 | 2298 | 1738 | 1774 |
| 37 | आन्ध्र प्रदेश | 1047 | 1163 | 1392 | 1227 | 1210 | 1478 | 1966 | 1341 | 10824 | 1638 | 1346 | 2258 | 1560 | 1570 | 1500 | 2065 | 1649 | 1790 | 1613 | 1685 | 2072 | 20746 | 2061 | 1592 | 1630 |
|  | **कुल योग** | **30938** | **32832** | **35614** | **34164** | **34176** | **36496** | **51433** | **35449** | **291100** | **40239** | **33996** | **61662** | **38020** | **41101** | **34997** | **52910** | **38736** | **46218** | **39468** | **39919** | **51182** | **518447** | **50740** | **38601** | **38930** |